# कानपुर को औद्योगिक हब बनाने की तैयारी

## नीति आयोग की अहमदाबाद, सूरत, जयपुर व पुणे जैसे शहरों की तरह विकसित करने की योजना

महेंद्र तिवारी

लखनऊ। कानपुर को अहमदाबाद, सूरत, जयपुर व पुणे की तरह औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए नीति आयोग ने पहल की है। आयोग ने प्रदेश सरकार से इस संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मांगी है।

नीति आयोग के मुताबिक कानपुर ऐतिहासिक रूप से एक बड़ा मैनुफैक्चरिंग हब रहा है, पर पिछले कुछ दशकों में इस शहर का विकास उस तरह नहीं हुआ, जिस तरह अहमदाबाद, सूरत, जयपुर व पुणे का हुआ। आयोग मानता है कि इस शहर के पास अपने विनिर्माण और सेवा आधार को बढ़ाने तथा भारत के शीर्ष औद्योगिक शहरों में से एक के रूप में फिर से उभरने के लिए आवश्यक क्षमता है।

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि आयोग यूपी सरकार के साथ मिलकर कानपुर सिटी को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की योजना समग्र रूप से तैयार करना चाहता है। इसके लिए आयोग की एक टीम जल्दी ही कानपुर की यात्रा करेगी। यह टीम भ्रमण के दौरान शहर की आवश्यकता को समझने के लिए प्रमुख सरकारी और निजी हितधारकों से मिलेगी। उन्होंने टीम के भ्रमण से पूर्व कार्ययोजना के विश्लेषण के लिए तमाम तरह की सूचनाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।



### आयोग के सीईओ ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांगी जानकारी

नीति आयोग का पत्र आने के बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन व अन्य संबंधित संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा है।

### औद्योगिकीकरण के तहत मांगी ये जानकारियां

- कानपुर विकास प्लान 2021 तथा कानपुर स्मार्ट सिटी प्लान के अंतर्गत औद्योगिकीकरण की क्या योजना है?
- औद्योगिक भूमि बैंक, लॉजिस्टिक्स भूमि बैंक तथा अन्य वाणिज्यिक पहलुओं की क्या योजना है?
- सरकारी औद्योगिक क्षेत्र कैसे प्रबंधित होते हैं? प्रबंधन संरचना क्या है?
- औद्योगिक गतिविधि के प्रबंधन/नियोजन में शामिल विभागों के नाम
- कानपुर में वर्तमान में मौजूद उद्योग वार विनिर्माण क्लस्टरों का विवरण।
- क्या मौजूदा उद्योग क्लस्टरों को फिर से विकसित/अपग्रेड करने की कोई योजना है?
- क्या कानपुर में नए औद्योगिक क्लस्टर/सेक्टर विकसित करने की कोई योजना है?
- केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का विवरण जिन्होंने कानपुर के औद्योगिकीकरण को प्रभावित किया है?
- कानपुर में राज्य सरकार ने डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की उपस्थिति का लाभ कैसे उठाया?
- अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के तहत यदि कोई हो तो औद्योगिक योजना का विवरण।
- नमामि गंगे परियोजना के तहत औद्योगिकीकरण के लिए राज्य सरकार की क्या योजना है?
- भारतमाला/सागरमाला परियोजना के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स विकास के लिए राज्य सरकार की क्या योजना है?
- कानपुर में बिजली आपूर्ति की स्थिति क्या है? यह भविष्य की आवश्यकता के लिए बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की योजना कैसे बना रहा है?
- उन पहलों का विवरण जो कि इंडस्ट्रियल और सामाजिक विकास के लिए उठाए गए हैं। वह पहल जो शहर के औद्योगिकीकरण के लिए उत्प्रेरक का कार्य करते हैं।
- शहर में लोगों को आसानी से रहने के लिए राज्य सरकार की क्या योजना है।
- शहर में नवाचार परिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए सरकार ने क्या पहल की?
- शहर में नगर पालिका प्रशासन में सुधार के लिए की गई पहलों का विवरण।